

RNI No.: UPHIN/25/A1697

GARVI GUJARAT

# गरवी गुजरात

गरवी गुजरात

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 325
दि. 29.03.2026,
रविवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा


## 'मिडिल ईस्ट जंग से पूरी दुनिया परेशान, अफवाहों से बचना है हमें...', नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन कर बोले प्रधानमंत्री मोदी

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन किया. यह एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर का दूसरा बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जिससे IGI एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को कम करने में मदद मिलेगी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) के पहले चरण का उद्घाटन किया है. यह दिल्ली-एनसीआर का दूसरा बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बढ़ते बोझ को कम करने में मदद करेगा.

सुबह करीब 11:30 बजे पीएम मोदी एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का निरीक्षण किया. करीब 12:20 बजे उद्घाटन हुआ, उसके बाद जनसभा को संबोधित किया. इस चरण में एयरपोर्ट सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों को हैंडल कर सकेगा. भविष्य में इसे और बड़ा बनाया जाएगा.

एयरपोर्ट प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज पूरा विश्व पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण चिंतित है. कई देशों में खाने-पीने की चीजों, पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी हो रही है. उन्होंने कहा कि भारत भी बड़ी मात्रा में कच्चा तेल आयात करता है, इसलिए सरकार ऐसे कदम उठा रही है जिससे आम परिवारों और किसानों पर इस संकट का असर कम से कम पड़े. उन्होंने कहा कि देशवासी मिलकर इस चुनौती का सामना कर रहे हैं. लोगों को अफवाहों से बस दूर रहना है.

प्रधानमंत्री ने बताया कि यह क्षेत्र अब देश के दो बड़े फ्रेट कॉरिडोर का भी महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है. इन कॉरिडोर्स से उत्तर भारत की कनेक्टिविटी बंगाल और गुजरात के समुद्री तटों से बेहतर हुई है. दादरी वह स्थान है जहां ये दोनों कॉरिडोर आपस में मिलते हैं.

उन्होंने कहा कि इससे किसानों और उद्योगों को बड़ा फायदा होगा. यहां उगाए गए कृषि उत्पाद और यहां बने औद्योगिक सामान अब जमीन, रेल और हवाई मार्ग से तेजी से दुनिया के बाजारों तक पहुंच सकेंगे.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऐसी मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के कारण यह क्षेत्र निवेश का बड़ा केंद्र बन रहा है.

नरेंद्र मोदी ने कहा कि संकट के इस समय में भी भारत ने अपने विकास की रफ्तार को थमने नहीं दिया है. उन्होंने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाल के कुछ हफ्तों में ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन हुआ है.

उन्होंने कहा कि नोएडा में एक बड़ी सेमीकंडक्टर फैक्ट्री की नींव रखी गई, दिल्ली-मेरठ नमो भारत ट्रेन ने गति पकड़ी, मेरठ मेट्रो का विस्तार हुआ और अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन हो गया. उन्होंने इसे 'डबल इंजन सरकारह्व के विकास मॉडल का उदाहरण बताया.



प्रधानमंत्री ने कहा कि ये सभी प्रोजेक्ट्स मिलकर उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाई दे रहे हैं. सेमीकंडक्टर फैक्ट्री देश को टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर बना रही है, मेट्रो और नमो भारत ट्रेन बेहतर कनेक्टिविटी दे रही हैं, और जेवर एयरपोर्ट पूरे उत्तर भारत को दुनिया से जोड़ने का काम करेगा.

अउॠएफ्ळकरएटएठळ

उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट भविष्य में इतना बड़ा बनेगा कि यहां से हर दो मिनट में एक विमान उड़ान भरेगा, जो इसकी क्षमता और महत्व को दिखाता है.

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारों ने नोएडा को 'लूट का एटीएमह्व बना दिया था, लेकिन आज वही नोएडा उत्तर प्रदेश के विकास का इंजन बन रहा है.

उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट 'डबल इंजन सरकारह्व की कार्य संस्कृति का उदाहरण है. उन्होंने याद दिलाया कि इस एयरपोर्ट को 2003 में मंजूरी मिल गई थी, लेकिन वर्षों तक यह फाइलों में दबा रहा. केंद्र और राज्य की पुरानी सरकारों ने इस पर काम आगे नहीं बढ़ाया.

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद जब केंद्र में उनकी सरकार आई और बाद में उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार बनी, तब इस प्रोजेक्ट को गति मिली. उन्होंने कहा कि अब यह एयरपोर्ट बनकर तैयार है और शुरू हो चुका है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत सभी गणमान्य अतिथियों और उपस्थित लोगों का अभिवादन करते हुए की. उन्होंने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्रियों और अन्य जनप्रतिनिधियों का उल्लेख किया और कार्यक्रम में मौजूद लोगों, खासकर युवाओं के उत्साह की सराहना की.

उन्होंने कहा कि आज का दिन बेहद खास है, क्योंकि यह एयरपोर्ट न केवल एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, बल्कि नए भारत के भविष्य की उड़ान का प्रतीक है. प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस एयरपोर्ट का शिलान्यास करने का भी अवसर मिला था और आज उद्घाटन का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ है.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है, जहां कई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट मौजूद हैं. उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों – जैसे आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, इटावा और बुलंदशहर – के लिए बड़े आर्थिक और विकास के अवसर लेकर आएगा.

उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट किसानों, छोटे और लघु उद्योगों और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करेगा. यहां से न केवल विमान उड़ेंगे, बल्कि यह विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत की उड़ान का भी प्रतीक बनेगा.

## केरल चुनावः आज त्रिशूर जाएंगे पीएम मोदी, भाजपा की महिला उम्मीदवारों के लिए करेंगे प्रचार

केरल चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी और एनडीए के समर्थन में प्रचार तेज कर दिया है. पीएम मोदी 29 मार्च को त्रिशूर का दौरा करेंगे और बीजेपी की महिला उम्मीदवार पद्मजा और शोभा सुरेंद्रन के लिए प्रचार करेंगे. इसके बाद वो असम बीजेपी कार्यकताओं से वर्चुअली जुड़ेंगे.

केरल में विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है. राज्य में 9 मई को वोटिंग होनी है, इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी और एनडीए के पक्ष में माहौल बनाने के लिए मोर्चा संभाल लिया है. प्रधानमंत्री 29 मार्च को केरल के त्रिशूर का दौरा करेंगे.



चुनावी प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंच रहे हैं. इस दौरे पर सबकी नजरें बीजेपी की दो प्रमुख महिला उम्मीदवारों पर टिकी हैं, जिनके लिए पीएम खुद प्रचार करेंगे.

इसके अगले ही दिन, यानी 30 मार्च को पीएम मोदी असम और पुडुचेरी के कार्यकताओं के साथ वर्चुअली भी जुड़ेंगे. बता दें कि असम में भी 9 अप्रैल को ही मतदान होना है.

बीजेपी की महिला उम्मीदवार पद्मजा केरल के दिग्गज कांग्रेसी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत के. करुणाकरण की बेटी हैं. करुणाकरण इंदिरा गांधी के बेहद करीबी माने जाते थे और पद्मजा भी पहले कांग्रेस में थीं. लेकिन इस बार वो बीजेपी से चुनावी मैदान में हैं, जहां उनका मुकाबले अपने ही भाई के. मुरलीधरन से है जो कांग्रेस के टिकट पर वट्टियूरकावु सीट से चुनाव लड़ रहे हैं.

पीएम मोदी पलक्काड से बीजेपी उम्मीदवार शोभा सुरेंद्रन के पक्ष में भी प्रचार करेंगे.

'मेरा बूथ, सबसे मजबूत'

केरल के दौरे के बाद, पीएम मोदी 30 मार्च को असम और पुडुचेरी के एनडीए कार्यकताओं से सीधा संवाद करेंगे. ये बातचीत 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' पहल के तहत वर्चुअली होगी.

## '99% हिंदू कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं, ये एक समुदाय की पार्टी बनेगी', चुनाव के पहले ऐसा क्यों बोले सीएम हिमंता?



असम विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हिमंता बिस्वा सरमा ने ऐसा बयान दिया है जिसने सियासत को गर्मा दिया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के भीतर से "लगभग 99 प्रतिशत हिंदू बाहर निकलना चाहते हैं" और राज्य में पार्टी के टूटने की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। उनका कहना है कि चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस "सिर्फ एक समुदाय की पार्टी बनकर रह जाएगी"। यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्य में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होना है

## 'पैर तुड़वाती हैं, विक्टिम कार्ड खेलती हैं',अमित शाह का ममता पर बड़ा हमला, 45 दिन में भाजपा सरकार बनाने का दावा

(जीएनएस)।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से पहले सियासी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तृणमूल कांग्रेस (ळटउ) के 15 साल के शासन पर तीखा हमला बोला और इसे "जनता की चार्जशीट" करार दिया।

वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी भाजपा पर पलटवार करते हुए बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। अमित शाह ने संबोधन में घुसपैठ, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को भी चुनावी बहस के केंद्र में लाने की कोशिश की गई।

'विक्टिम कार्ड' खेलती हैं ममता बनर्जी, बोले अमित शाह

अमित शाह ने ममता बनर्जी की राजनीति पर तीखा तंज कसते हुए कहा, "ममता दीदी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की राजनीति की है। कभी पैर तुड़वा लेती हैं, कभी सिर पर पट्टी बंधवा लेती हैं, कभी बीमार हो जाती हैं और कभी चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन बंगाल की जनता अब इस राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है।" उन्होंने आगे कहा, "मैं उन्हें बताने आया हूं कि बंगाल के लोग अब इस नाटक को समझ चुके हैं।"

अमित शाह का दावा- 6 मई को इखढ की सरकार बनेगी

अमित शाह ने कहा,

"इस चार्जशीट में हमने घुसपैठियों की समस्या को पूरी तरह से उजागर किया है। यह न केवल देश की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है,



बल्कि ये हमारे गरीब मजदूरों की रोजी-रोटी पर भी अतिक्रमण करते हैं। मैं ममता बनर्जी से पूछना चाहता हूं कि आज इतने सारे घुसपैठिए आ गए हैं, क्या आपकी सरकार सो रही है? आपके (ममता बनर्जी) पास बहुत कम समय बचा है, 6 मई को इखढ की सरकार बनेगी, और पैंतालीस दिनों के भीतर, बंगाल में इखढ सरकार बाड़ लगाने से संबंधित हर संभव मदद मुहैया कराएगी, और हम घुसपैठ को रोक देंगे।"

अमित शाह ने कहा कि यह चार्जशीट भाजपा की नहीं, बल्कि बंगाल की जनता की आवाज है। उन्होंने 15 साल के शासन पर कई गंभीर आरोप लगाएः

बंगाल में सिंडिकेट राज स्थापित किया गया है।

राज्य भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन चुका है।

कट मनी सिस्टम आम हो गया है। उद्योगों के लिए बंगाल कब्रगाह बन गया है।

घुसपैठियों को संरक्षण दिया जा रहा है।

तुष्टिकरण सरकार की नीति बन गई है।

घुसपैठ और सुरक्षा का मुद्दा

अमित शाह ने चुनाव को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ते हुए कहा,

"बंगाल का चुनाव सिर्फ राज्य के लिए नहीं, पूरे देश की सुरक्षा के लिए अहम है। इतने घुसपैठिए आ गए, क्या आपकी सरकार सो रही थी? हम हर घुसपैठिए की पहचान करेंगे और उसे देश से बाहर निकालेंगे। यह सिर्फ वोटर लिस्ट की बात नहीं है, पूरे देश से उन्हें बाहर करना हमारा एजेंडा है।"

अमित शाह कहते हैं,

"पूरे देश में रक्क्र चल रहा है, फिर भी कहीं और न्यायिक अधिकारियों को तैनात नहीं करना पड़ा, सिर्फ बंगाल में। इसका क्या कारण है? ममता बनर्जी को बंगाल की जनता को इसका जवाब देना चाहिए। वह रक्क्र पर आरोप लगा रही हैं, हालांकि, आज मैं बंगाल की जनता से यह पूछना चाहता हूँ, क्या उन घुसपैठियों को, जिन्हें यहां रखा गया है, बंगाल का भविष्य तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए? मैं इखढ की ओर से यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम हर एक घुसपैठिए की पहचान करने और उसे देश से बाहर निकालने के लिए दृढ़ हैं,न केवल मतदाता सूचियों से, बल्कि पूरे राष्ट्र से और यही मेरी पार्टी का एजेंडा है।"

रोजगार और भर्ती पर बड़ा वादा

युवाओं को लेकर उन्होंने कहा, "हम बंगाल में पूरी तरह पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू करेंगे, जिसमें किसी भी तरह का भ्रष्टाचार नहीं होगा। ररउ घोटाले की वजह से जिन युवाओं की उम्र निकल गई, उन्हें 5 साल की छूट दी जाएगी और उन्हें नया मौका दिया जाएगा।"

## पीएम मोदी को दिया धन्यवाद, भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक; क्या बोले- नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह

(जीएनएस)।

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने भारत के साथ घनिष्ठता के साथ काम करने की इच्छा जताई है। शपथ के अगले ही दिन बालेंद्र शाह ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके बधाई संदेश के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही बालेंद्र शाह ने भारत-नेपाल के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में संबंधों को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई।

नेपाल के बालेंद्र शाह ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

नई दिल्लीः नेपाल में जेन जी आंदोलन का चेहरा रहे 35 वर्षीय बालेंद्र शाह बालेन ने शुक्रवार को नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेकर इतिहास रच दिया। रैपर, इंजीनियर और फिर नेता बने बालेंद्र शाह नेपाल की राजनीति में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक बन गए हैं। प्रधानमंत्री पद की शपथ के अगले दिन ही बालेंद्र शाह ने भारत के साथ रिश्तों को नई गति देने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि वह भारत संग घनिष्ठता के साथ काम करने को उत्सुक हैं साथ ही उन्होंने पीएम मोदी का भी आभार प्रकट किया। एक वक्त ऐसा भी था जब बालेंद्र शाह के कुछ फैसले और बयान के कारण भारत विरोधी भी माना गया।



नेपाल के नए प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी का जताया आभार

नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने भारत के साथ रिश्तों को नई गति देने की इच्छा जाहिर करते हुए शनिवार को कहा कि वह भारत संग घनिष्ठता के साथ काम करने को उत्सुक हैं और शपथ ग्रहण के बाद शुभकामनाएं देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। शुक्रवार को शपथ ग्रहण के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बालेंद्र शाह को बधाई देते हुए कहा था कि आपका कार्यभार संभालना नेपाल की जनता द्वारा आपके नेतृत्व में भरोसे को जताता है। मुझे विश्वास है कि हम मिलकर भारत-नेपाल की मित्रता और सहयोग को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं हमारे दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने और हमारी जनता की साझा समृद्धि के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। बालेंद्र शाह, नेपाल के

एक वक्त ऐसा भी रहा जब बालेंद्र शाह के कुछ फैसलों को भारत विरोधी माना गया। साल 2023 की बात है जब काठमांडू का मेयर रहते हुए बालेंद्र शाह ने बॉलीवुड फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगाने का आदेश दिया था। विवाद फिल्म आदिपुरुष के डायलॉग को लेकर था। बाद में नेपाल के पाटन हाई कोर्ट इस फैसले को रद्द कर दिया था।

हालांकि बाद में बालेंद्र शाह ने स्पष्ट किया था कि उनका विरोध आदिपुरुष के खास संवाद से था न कि भारत या बॉलीवुड से। इसके बाद बालेंद्र शाह के उस नक्शे की भी काफी चर्चा हुई जिसे उन्होंने अपने ऑफिस में लगाया। भारत के अखंड भारत के नक्शे के जवाब में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगाया।

## पीएम मोदी के नक्शेकदम पर नेपाल, अपनाया बीजेपी का ये फॉमूर्ला

(जीएनएस)।

नेपाल की राजनीति में बालेन शाह का प्रधानमंत्री बनना एक युगांतरकारी बदलाव है। युवाओं के चहेते बालेन ने सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' के मंत्र को अपनाकर सबको चौंका दिया है। भारी-भरकम कैबिनेट और सुस्त नौकरशाही के पुराने ढर्रे को तोड़ते हुए, उन्होंने मंत्रालयों का विलय कर एक छोटा और असरदार मंत्रिमंडल तैयार किया है।




बालेन का यह साहसिक कदम सरकारी फिजूलखर्ची को रोकने और कामकाज में पारदर्शिता लाने की एक बड़ी कोशिश है। उनका लक्ष्य स्पष्ट है, कुर्सियां भरने के बजाय जनता को सीधे नतीजे देना और नेपाल को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाना।

बालेन शाह ने प्रशासनिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए कई मंत्रालयों को आपस में मिला दिया है। जैसे खेल मंत्रालय को शिक्षा के साथ और वन मंत्रालय को कृषि विभाग का हिस्सा बनाया गया है। इसका सीधा फायदा यह होगा कि विभागों के बीच होने वाली खींचतान खत्म होगी और फैसले जल्दी लिए जा सकेंगे। जब एक ही विजन के साथ दो विभाग मिलकर काम करेंगे, तो प्रोजेक्ट्स में देरी नहीं होगी। यह 'छोटा परिवार, बेहतर काम' वाली सोच नेपाल की तरक्की की रफ्तार बढ़ाएगी।

बालेन की नई कैबिनेट में अनुभव और आधुनिक सोच का अनोखा मेल है। स्वर्णिम वाग्ले और सस्मिता पोखरेल जैसे चेहरों को अहम जिम्मेदारी देकर उन्होंने साफ कर दिया है कि सरकार अब डेटा और तकनीक पर आधारित फैसले लेगी। 25 मंत्रियों की पुरानी परंपरा को दरकिनार कर केवल 14 मंत्रियों के साथ काम करना यह दिखाता है कि सरकार 'क्वांटिटी' (संख्या) के बजाय 'क्वालिटी' (गुणवत्ता) पर ध्यान दे रही है। यह टीम ई-गवर्नेंस और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही है।

'मिनिमम गवर्नमेंट' का असली मकसद आम आदमी की जिंदगी से सरकार की बेवजह दखलअंदाजी को खत्म करना है। बालेन का विजन है कि लोगों को छोटे-छोटे कामों या प्रमाण पत्रों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। डिजिटल सिस्टम को मजबूत कर और लालफीताशाही को खत्म कर वह नागरिकों को सशक्त बनाना चाहते हैं। जब सरकारी प्रक्रियाएं आसान होंगी, तो व्यापार बढ़ेगा और निवेश के लिए बेहतर माहौल बनेगा, जिससे देश का हर नागरिक विकास में भागीदार बन सकेगा।

सुरक्षा और व्यापार की कमान प्रधानमंत्री के पास

बालेन शाह ने रक्षा, उद्योग और वाणिज्य जैसे सबसे महत्वपूर्ण विभाग अपने पास रखकर यह संदेश दिया है कि देश की सुरक्षा और आर्थिक मजबूती उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय को खुद संभालकर वे नेपाल में विदेशी निवेश लाने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की योजनाओं की सीधी निगरानी करेंगे। यह कदम उनके कड़े और दूरदर्शी फैसले लेने की क्षमता को दर्शाता है, ताकि नेपाल आर्थिक रूप से किसी और पर निर्भर न रहे और आत्मनिर्भर बन सके।




# सम्पादकीय

## नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का शुभारम्भ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11200 करोड़ रुपए की लागत से विकसित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण सहित कागरे हब का जेवर में उद्घाटन करके न सिर्फ देशी-विदेशी यात्रियों के लिए सुविधा प्रदान की है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रोजगार की दृष्टि से भी जेवर एयरपोर्ट मील का पत्थर साबित होगा। अभी तक दिल्ली में ही इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट उपलब्ध था। पूरे एनसीआर के लोग दिल्ली के इसी एयरपोर्ट पर आगे की यात्रा के लिए दूर-दूर से आते थे किन्तु 2017 में उत्तर प्रदेश में नई सरकार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बनते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना को पंख लग गए। वुछ विघ्न प्रोमी राजनेताओं ने किसानों को भड़काया जरूर किन्तु मुख्यमंत्री योगी ने वुछ लोगों से स्वयं और वुछ लोगों को अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से सहमत किया, तभी भूमि का समुचित अधिग्राहण हुआ। भूमि का अधिग्राहण इसलिए मुश्किल था क्योंकि उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले जिस पाटा की सरकार थी वही लोग किसानों को भड़का कर प्रस्तावित जेवर एयरपोर्ट को 'मोदी-योगी के हसीन सपने' संबोधित करके मजाक उड़ाते थे। उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय की सव्रियता एवं शाश्वत प्रयासों से जैसे भूमि अधिग्राहण की प्रव्रिया पूरी हुई, इस तरह एयरपोर्ट और कागरे के बनाने का सिलसिला बिना रूकावट के चला। परिणामस्वरूप शनिवार को योगी और मोदी के वर्षो से इस क्षेत्र की जनता द्वारा संजोए सपने को साकार किया।

सच तो यह है मोदी सरकार के बारे में कहा जा सकता है कि यह ऐसी सरकार है जिसके मुखिया जिस भी प्रोजेक्ट का शिलान्यास करते हैं उसका फीता काट कर उद्घाटन भी करते हैं। ऐसा नहीं है कि 2014 से पहले की सरकार ढांचागत विकास में पीछे थीं। वे भी निर्माण कराती थीं किन्तु उनके वक्त में आज की सरकार की अपेक्षा कार्यशैली बिल्वुल अलग थी। पहले सरकारें बजट में जो राशि जिस प्रोजेक्ट के लिए आबंटित करती थीं उसकी कम से कम 50 प्रतिशत या 75 प्रतिशत राशि का भुगतान भी कर देती थीं किन्तु मोदी सरकार ने इस प्रव्रिया को रोक दिया। अब सरकार इस बात की समीक्षा करती है कि अगले बजट समयावधि तक कितनी राशि खर्च हो सकती है। निर्माण कार्य की अनुमानित लागत राशि का ही भुगतान होता है और उच्चस्तरीय शक्ति प्रप्त संबंधित मंत्रालय की समिति निर्धारित समय पर निरीक्षण करके प्रधानमंत्री को सूचना देते हैं। इसलिए एक बजट के समयावधि यानि एक वर्ष में जितनी धन की जरूरत होती है, सरकार उतना ही उपलब्ध कराती है और निर्माण कार्य में जुटी हर एजेंसी से हिसाब लेने से भ्रष्टाचार या लूट-खसोट की संभावनाएं शून्य हो जाती हैं। सच तो यह है कि इस एयरपोर्ट के बन जाने से यात्रियों के लिए बहुत बड़ी सुविधा हो गई। अब रोज जाम की वजह से किसी का प्लेन नहीं छूटेगा। भारत में निवेशकों को आकर्षित करना है तो बिजली, सड़क, एयरपोर्ट का होना अनिवार्य है। इसलिए जब सरकार 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना करती है तो उसे ढांचागत विकास की सुविधाएं पहले ही सुनिाित करनी होगी। एयरपोर्ट बनने के बाद वहां पर विलेजशिप का विकास होगा जिसमें बहुत सारे लोगों को रोजगार मिलेगा तथा छोटे व्यापारी अपनी दुकानें खोलेंगे। यही नहीं टैक्सी, आटो रिक्शा और ई-रिक्शा चलाने वालों की रोजी रोटी चलेगी। सरकार ने हिण्डन एयरपोर्ट को यूं ही नहीं एयरफोर्स के नियंत्रण में रखा। सरकार जानती है कि इस एयरपोर्ट को आम नागरिक के लिए खोलना सुरक्षा की संवेदनशीलता के साथ समझौता करना होगा।

# जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ में ई-समिट 2026 एवं TEDx लखनऊ का सफल आयोजन किया

(जीएनएस)।

लखनऊ, 28 मार्च 2026: जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ ने अपने ऑडिटोरियम में ई-समिट 2026 और TEDxलखनऊ जैसे दो प्रमुख आयोजनों का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में उद्योग, शासन, कला और उद्यमिता से जुड़े प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली और यह ज्ञान-विनिमय, संवाद और प्रेरणा का एक प्रभावशाली मंच बना।

संस्थान की निदेशक, डॉ. कविता पाठक ने कहा, 'जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ में हम अनुभवात्मक शिक्षा में विश्वास रखते हैं। ऐसे आयोजन छात्रों को उद्योग, नीति-निमार्ताओं और रचनात्मक पेशेवरों से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।'

इन्क्यूबेशन चेयर एवं इवेंट लीड, डॉ. ज्योति देवन ने कहा, 'इन आयोजनों का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, संवाद को प्रोत्साहित करना और युवाओं को पारंपरिक सीमाओं से आगे सोचने के लिए प्रेरित करना है। प्रतिभागियों और वक्ताओं की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया इसकी सफलता को दशार्ती है।'

ई-समिट में मुख्य वक्तव्य सर्वेश गोयल, चेयरमैन, मंनसिंह गोयल ग्रुप द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा की 'आज के समय में उद्यमिता केवल नवाचार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए दृढ़ता और नैतिक नेतृत्व भी आवश्यक है। युवाओं को सतत विकास और बदलते मार्केट स्पेस के अनुरूप स्वयं को ढालने पर ध्यान देना चाहिए।'

पैनल चर्चा में विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख विशेषज्ञ शामिल रहेः वर्तिका पंजाबी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एवं ब्रांड स्ट्रैटेजिस्ट, अदा डिजाइनर चिकन स्टूडियो — जिन्होंने पारंपरिक कला को आधुनिक मार्केट स्पेस में स्थापित करने और हेरिटेज ब्रांडिंग पर अपने विचार साझा किए। विदुषी विजयवर्गीय, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, क्रअङ फ्रेगरेंस (शार्क टैंक इंडिया में सहभागिता) — जिन्होंने भारतीय पहचान पर आधारित लक्जरी ब्रांड के निर्माण पर प्रकाश डाला। खुशल भार्गव, बिजनेस हेड, आर्क






फार्मा एवं सह-संस्थापक, आर्क विजन्स (जयपुरिया के 2005 बैच के पूर्व छात्र) — जिन्होंने वैश्विक अनुभव के आधार पर रणनीतिक मार्केटिंग, उद्यमिता और प्रभावशाली व्यवसाय निर्माण पर अपने विचार रखे।

चर्चा का मुख्य फोकस उद्यमिता, ब्रांड भिन्नता, बदलते उपभोक्ता व्यवहार और नवाचार-आधारित विकास पर रहा।

ळएऊ७लखनऊ में शासन, कला, सिनेमा, सामाजिक प्रभाव और फैशन जगत से जुड़े वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए।

आलोक रंजन, पूर्व मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा, 'सही टीम के बिना कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता। जब हर टीम सदस्य कहे 'मैंने किया', तभी नेतृत्व अपने उद्देश्य को प्राप्त करता है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे इसका उत्कृष्ट उदाहरण है।'

प्राची शाह, अभिनेत्री, कथक नृत्यांगना एवं गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक ने कहा,'कला अनुशासन और अभिव्यक्ति की एक सतत यात्रा है, जो हमें निरंतर आगे बढ़ने और स्वयं को विकसित करने की प्रेरणा देती है।'

अमित राय, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्देशक एवं लेखक (ओएमजी 2) , माधवी कुकरेजा, संस्थापक, सनतकदा एवं सामाजिक उद्यमी ,संजय निगम, संस्थापक, फैशन एंटरप्रेन्योर फंड एवं इंडिया फैशन अवाड्र्स; 'पिच टू गेट रिच' के क्रिएटर ।

इन सभी वक्ताओं ने अपने अनुभवों और विचारों के माध्यम से दर्शकों को प्रेरित किया।

ई-समिट 2026 और ळएऊ७ लखनऊ का सफल आयोजन संस्थान की नवाचार, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह कार्यक्रम विचारों के एक सशक्त संगम के रूप में उभरा, जिसने प्रतिभागियों को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व के लिए प्रेरित किया।

# श्रुति हासन और मुरली शर्मा बने अधिरा एंड अप्पा के नए ब्रांड एंबेसडर, देश भर में कैफे खोलने की योजना

(जीएनएस)।

28 मार्च 2026: अधिरा एंड अप्पा कॉफी, संधारणीयता और विश्वसनीयता के बुनियाद पर खड़ी तथा ईबीजी ग्रुप का हिस्सा, ने प्रशंसित अभिनेताओं श्रुति हासन और मुरली शर्मा को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। यह ग्रुप अब क्यूएसआर (फास्ट फूड भोजनालय) और पेय पदार्थ उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की योजना बना रहा है, लेकिन संधारणीयता और परंपरा के साथ जुड़े रह कर। यह भारत के शहरों में दक्षिण भारत के असली फिल्टर कॉफी का जायका पहुँचाने का लक्ष्य रखता है।

यहाँ की कॉफी प्रीमियम बीन्स से और पारंपरिक तरीकों के बजाय ऐसी प्रक्रियाओं से बनाई जाती हैं जिससे बहुत कम कार्बन उत्सर्जन होता है। पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना इन-हाउस सोर्सिंग के माध्यम से परिचालन करना ब्रांड की पहचान का मूल आधार है। एक मजबूत शुरूआत के साथ, ब्रांड 2027 तक भारत के प्रमुख महानगरों और टियर-2 शहरों में 400 आउटलेट्स खोलने की योजना बना रहा है।

आज कोच्चि, नागपुर, हैदराबाद, पुणे, देहरादून, इंदौर, चंडीगढ़, नासिक और बेंगलुरु में ये कैफे चल रहा है, और जल्द ही मुंबई, लखनऊ, प्रयागराज, रायपुर, बेंगलुरु, पुणे, लुधियाना और भारत के अन्य स्थानों में भी इसका शुभारम्भ होने वाला है। श्रुति हासन और मुरली शर्मा के सहयोग से अधिरा एंड अप्पा एक ऐसा कैफे ब्रांड बन सकेगा जहाँ परंपरा और आधुनिकता साथ चलते हों। श्रुति



हासन शहरों के युवा ग्राहकों के साथ सहजता से जुड़ पाती हैं और आज के दौर में ब्रांड की लोकप्रियता को बढ़ाती हैं, जबकि मुरली शर्मा विश्वसनीयता और जुड़ाव का भाव लाते हैं जो परंपरा प्रेमियों को पसंद आता है। दोनों का साथ ब्रांड के विजन का प्रतिबिंब है, जिससे विरासत को उपभोक्ता की बदलती प्राथमिकताओं के साथ जोड़कर इसे पूरे देश में बढ़ाने और व्यापक दर्शकों तक पहुँचाने में मदद मिलती है।

इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए, बहुमुखी दक्षिण भारतीय अभिनेता मुरली शर्मा ने कहा, 'मैं अधिरा एंड अप्पा ब्रांड के साथ जुड़कर बेहद खुश हूँ, यहाँ हमारी कॉफी की विरासत का सम्मान और संधारणीयता के साथ तालमेल देखने को मिलता है। हर कप में परंपरा और नवाचार के संगम का स्वाद है। इसमें कोई संदेह नहीं कि दक्षिण भारत की असली फिल्टर कॉफी का स्वाद चखने के इच्छुक लोग देश भर में इस कैफे का स्वागत करेंगे ह्व

वहीं, गायिका और अभिनेत्री श्रुति हासन ने कहा, 'अधिरा एंड अप्पा के कॉफी में आधुनिकता और दक्षिण भारत की फिल्टर कॉफी का समावेशन झलकता है। मुझे इस सफर का हिस्सा बनने की खुशी है, असली स्वाद से प्यार और पर्यावरण के प्रति जागरूकता इस ब्रांड के सिद्धांत हैं और ज्यादा-से-ज्यादा लोगों तक वहीं स्वाद पहुँचाना चाहती हूँ ह्व

अभिनेताओं की इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, ईबीजी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. इरफान खान ने कहा, 'हमने ईबीजी ग्रुप के अपने विजन के अनुरूप श्रुति हासन और मुरली शर्मा जैसी बहुमुखी प्रतिभाओं के साथ साझेदारी की है। अधिरा एंड अप्पा केवल एक कॉफी ब्रांड नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा सफर है जिसका उद्देश्य दक्षिण भारतीय संस्कृति, बेजोड़ गुणवत्ता और धरती के प्रति सच्ची परवाह को साथ लेकर फासले तय करना है। हम देश भर के लोगों तक यह खास अनुभव पहुँचाने और हर कदम पर अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए उत्साहित हैं ह्व

अधिरा एंड अप्पा के सीओओ करण मेंडन ने कहा, 'हमारे कैफे में ग्राहकों के लिए एक खास मेनू भी उपलब्ध है, जिसमें डोसा, टाको, मेदू वड़ा वॉफल और फि ल्टर कॉफी तिरामिसू जैसे आधुनिक भोजन के विकल्प मिलते हैं। यह मेनू कॉफी और खाने के शौकीन नई पीढ़ी को आकर्षित करने के साथ-साथ उन्हें कम्फर्ट, संस्कृति और गुणवत्ता का अनुभव दिलाते हैं।

# 'सशक्त महिलाओं'और उनके 'मजबूत फैसलों' का जश्न मना रहा निहार शांति आँवला, एक ऑन-ग्राउंड इवेंट के जरिए कैंपेन को लोगों के बीच लेकर आया

**मार्च में, निहार शांति आँवला 'सशक्त महिलाओं'और उनके 'मजबूत फैसलों' का जश्न मना रहा है और लखनऊ में एक ऑन-ग्राउंड इवेंट के जरिए अपने कैंपेन को लोगों के बीच लेकर आया है**

**महिलाएँ अपने 'मजबूत फैसले'इस 'मजबूत फैसला वॉल'के द्वारा व्यक्त कर रही हैं , जो धीरे-धीरे ताकत और हिम्मत का एक सहयोगी मंच बनता जा रहा है**

लखनऊ, 28 मार्च, 2026: भारत की जानी-मानी ऋ्रटउ्रऋ कंपनी मैरिको लिमिटेड ने निहार नेचुरल्स शांति बादाम आँवला के 'मजबूत फैसला कैंपेन को लखनऊ के फन मॉल में आज और कल होने वाले एक खास ऑन-ग्राउंड इवेंट के जरिए लोगों के सामने पेश किया है। निहार शांति आँवला, जो मजबूत बालों के लिए जाना जाता है, उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए इस कैंपेन के जरिए महिलाओं के फैसलों की ताकत को




सामने ला रहा है। यह एक्टिवेशन ब्रांड को अपने उपभोक्ताओं से सीधे और सच्चे तरीके से जोड़ता है और महिलाओं को अपने फैसले गर्व और भरोसे के साथ साझा करने के लिए प्रेरित करता है।

ब्रांड के मुख्य विचार – ताकत, आत्मविश्वास और भरोसा – को ध्यान में रखते हुए यह पहल महिलाओं को आगे आकर अपने फैसले खुलकर बताने के लिए प्रोत्साहित करती है। इससे यह जगह महिलाओं की पहचान, उनकी सोच और उनकी पसंद को दिखाने का एक शानदार मंच बन गई है। 'मजबूत फैसला वॉल' उन महिलाओं के सपनों, हिम्मत और मेहनत को दिखाती है, जो अपने भरोसे और हौसले के दम पर अपना भविष्य खुद तय कर रही हैं।

चाहे पढ़ाई और करियर में आगे बढ़ने का फैसला हो, परिवार और समाज को आगे बढ़ाने की ज़िम्मेदारी हो, या फिर अपने दम पर आगे बढ़ते हुए खुद को बेहतर बनाने का रास्ता चुनना हो—यह वॉल अब असली कहानियों से भरती जा रही है। यह उन महिलाओं की आवाज है, जिन्होंने अपने रास्ते खुद बनाने का फैसला किया है और अपने आस-पास के लोगों के जीवन में बदलाव ला रही हैं।

इस एक्टिवेशन में 'मजबूत फैसला व्हील'और आकर्षक फोटो बूथ जैसे कई मजेदार हिस्से भी हैं, जहाँ लोग कैंपेन से जुड़ सकते हैं और अपने पलों को शेयर कर सकते हैं। इससे कैंपेन का संदेश मॉल के बाहर तक भी पहुँच रहा है। पहले दिन लोगों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली और 'मजबूत फैसला वॉल' प्रेरणादायक संदेशों से भरती जा रही है।

# मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पीएम की मिमिक्री करने वाले शिक्षक के निलंबन पर रोक लगाई, अधिकारियों को फटकार

(जीएनएस)।

मध्य प्रदेश के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक को गैस की किल्लत से जुड़े वीडियो में पीएम मोदी की मिमिक्री करने पर निलंबित कर दिया गया था, जिसे शिक्षक ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. अदालत ने इस कार्रवाई को 'सस्पेंशन सिंड्रोम' करार देते हुए निलंबन पर रोक लगा दी है. कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी जनप्रतिनिधि की शिकायत पर बिना जांच-पड़ताल के, केवल दबाव में आकर किसी कर्मचारी को निलंबित करना पूरी तरह अनुचित है. निलंबन एक गंभीर कदम है और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे किसी के दबाव में काम करने के बजाय तथ्यों और नियमों के आधार पर निर्णय लें.

द हिंदू की खबर के मुताबिक, जस्टिस आशीष श्रोती की पीठ ने इस कार्रवाई को 'सस्पेंशन सिंड्रोम' करार देते हुए अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी की. कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि किसी जनप्रतिनिधि की शिकायत पर बिना जांच-पड़ताल के, केवल दबाव में आकर किसी कर्मचारी को निलंबित करना पूरी तरह अनुचित है.



इसके साथ ही कोर्ट ने निलंबन आदेश को निरस्त करते हुए यह साफ किया कि प्रशासनिक निर्णय प्रक्रिया में निष्पक्षता और उचित जांच अनिवार्य है. अदालत द्वारा अधिकारियों को भविष्य में इस तरह की जल्दबाजी से बचने की नसीहत भी दी गई.

मालूम हो कि बीते 13 मार्च को प्रदेश के शिवपुरी ज़िले में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक साकेत पुरोहित को पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी की शिकायत के बाद निलंबित कर दिया गया था. उन्होंने अपने निलंबन की कार्रवाई को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जिस पर अदालत ने रोक लगा दी है.

यह कार्रवाई गैस की किल्लत से जुड़े उनके एक वीडियो पर की गई थी. इस वीडियो में पुरोहित ने एलपीजी सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों पर व्यंग्य करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के बोलने के अंदाज की नकल की थी.

पुरोहित पर समाज में अशांति फैलाने और शिक्षा विभाग की छवि खराब करने के इरादे से आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने और मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है.

निलंबन को लेकर प्रशासन की जल्दबाजी


इस मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने शिक्षक के निलंबन को लेकर प्रशासन की जल्दबाजी पर सवाल उठाए.

जस्टिस आशीष श्रोती की एकल पीठ ने कहा कि शिकायत मिलने के फौरन बाद उसी दिन जल्दबाजी में निलंबन आदेश जारी किया गया और इसमें किसी भी प्रकार की जांच का प्रावधान नहीं था.

# टेक्नो स्पार्क 50 5जी, 6500एमएएच की जबरदस्त बैटरी और मिलिट्री ग्रेड ड्यूरेबिलिटी के साथ लॉन्च हुआ

(जीएनएस)।

लखनऊ। भारत के पास कोई




पॉज बटन नहीं है और न ही इसे आगे बढ़ाने वाले लोगों के पास। टेक्नो में, हमारा मानना है कि टेक्नोलॉजी को भी इसी रफ़्तार से कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए। टेक्नो स्पार्क 50 5जी को भारतीय जीवन के अनिश्चित प्रवाह के लिए बनाया गया है जहाँ लंबे दिन, लगातार भाग-दौड़ और वास्तविक दुनिया की चुनौतियाँ सामान्य बात हैं। लंबे सफर से लेकर धूल, गिरने और अचानक होने वाली मॉनसून की बारिश तक – यह डिवाइस हर स्थिति में आपका साथ देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्टाइल, मजबूती और रोजमर्रा की मुश्किलों को झेलने की क्षमता का बेहतरीन मेल है, ताकि आपकी डिजिटल ज़िंदगी भी आपकी तरह ही बिना किसी रुकावट के चलती रहे। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ, श्री अरिजीत तलापात्रा ने कहा भारत जैसे तेजी से बदलते बाजार में, लोग सिर्फ. स्पेसिफिकेशन्स की लिस्ट नहीं देख रहे हैं; वे एक ऐसे साथी की तलाश में हैं जो वास्तव में उनके दिन भर के काम में उनका साथ दे सके। टेक्नो स्पार्क 50 5जी के साथ, हम तकनीकी शब्दों से आगे बढ़कर उन चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो असल दुनिया में वास्तव में मायने रखती हैं विश्वसनीयता, टिकाऊपन और ऐसा परफॉर्मेंस जो लंबे, चुनौतीपूर्ण दिनों और अनिश्चित परिस्थितियों में भी आपका साथ निभाए।ह्व डिजाइन केवल शेल्फ पर अच्छा दिखने के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे पकड़ने वाले व्यक्ति की ऊर्जा को दशार्ना चाहिए। प्रकृति के प्रीमियम शेड्स से प्रेरित टेक्नो स्पार्क 50 5जी फैंटेसी पर्पल, मिंट ग्रीन, शैम्पेन गोल्ड और इंक ब्लैक रंगों में उपलब्ध है, जो स्टाइल और रोजमर्रा के उपयोग के लिए तैयार मजबूत बनावट के बीच संतुलन बनाता है। इसे मिलिट्री ग्रेड एमआईएल एसटीडी-810एच प्रोटेक्शन और आईपी64 प्रो प्रोटेक्शन के साथ मजबूत बनाया गया है। डिजाइन के अलावा, 6500एमएएच बैटरी आपको लंबे समय तक साथ देती है, जबकि फ्रीलिंक 2.0 टेक्नोलॉजी नो-नेटवर्क जोन में भी आपको कनेक्टेड रखती है। 5जी+ कैरियर एग्रीगेशन के साथ मिलकर यह विभिन्न परिस्थितियों में स्थिर और विश्वसनीय अनुभव सुनिश्चित करता है। सॉफ्टवेयर के मामले में, इस डिवाइस में सेगमेंट का पहला 'ऑल सिनेरियो एक्टिव नॉइज कैंसलेशन', एआई व्हाट्सएप असिस्टेंट, एला अलार्म अनाउंसमेंट, एआई राइटिंग असिस्टेंट, एआई इरेजर 2.0, एआई इमेज एक्सटेंडर और एला-पावर्ड टूल्स जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके साथ ही, इसमें 120 हट्र्ज.का डिस्प्ले भी है, जो ज्यादा स्मूद और रिस्पॉन्सिव इंटरैक्शन सुनिश्चित करता है।

RNI No.: UPHIN/25/A1697 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : ASHWANI KUMAR
Rage.Office: TF-01, Nanakram Super Market, Ramnagar, Sabarmati, Ahmedabad - 380 005 Gujarat,India. Phone : (O) 9016333307(M)9328333307,9825333307
Email : garvigujarat2007@gmail.com*garvigujarat2007@yahoo.com*Website : www.garvigujarat.co.in

# लखनऊ कैंट फायरिंग केस में बृजेश सिंह समेत 5 आरोपी बरी, 22 साल बाद आया फैसला

(जीएनएस)।

2004 के कैंट फायरिंग मामले में 22 साल बाद फैसला आया है. एमपी/एमएलए कोर्ट ने मुख्य आरोपी बृजेश सिंह सहित पांच लोगों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया. यह मामला तत्कालीन विधायक मुख्तार अंसारी और कृष्णानंद राय के काफिलों की भिड़ंत से जुड़ा था, जिसने उत्तर प्रदेश की सियासत में हलचल मचा दी थी.

उत्तर प्रदेश की सियासत को हिलाकर रख देने वाले 2004 के कैंट फायरिंग मामले में आखिरकार 22 साल बाद फैसला आ गया . लखनऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट ने मुख्य आरोपी बृजेश सिंह और उनके चार साथियों को साक्ष्यों के अभाव में और संदेह का लाभ देते हुए कोर्ट ने शनिवार (28 मार्च) को बरी कर दिया.

कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को पर्याप्त रूप से साबित नहीं कर सका. इस फैसले के साथ करीब दो दशक पुराना वह चर्चित मामला समाप्त हो गया, जिसने उस समय पूरे प्रदेश की राजनीति में तूफान खड़ा कर दिया था.



13 जनवरी 2004 की वह खूनी शाम

यह घटना 13 जनवरी 2004 की है. लखनऊ के कैंट थाना क्षेत्र में सदर रेलवे क्रॉसिंग पर दो प्रभावशाली नेताओं के काफिले अचानक आमने-सामने आ गए. एक तरफ गाजीपुर से लखनऊ आ रहे तत्कालीन विधायक मुख़्तार अंसारी अपनी पत्नी के साथ यात्रा कर रहे थे. दूसरी तरफ लखनऊ से गाजीपुर लौट रहे थे तत्कालीन विधायक कृष्णानंद राय. इस दौरान दोनों पक्षों के समर्थक भी साथ थे.

दोनों तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग

जैसे ही दोनों काफिलों ने एक-दूसरे को पहचाना माहौल गरमा गया. इसके बाद कुछ ही पलों में दोनों तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई. करीब पांच मिनट तक रुक-रुक कर गोलियां चलीं. जिससे इलाके में दहशत फैल गई. चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

फायरिंग के तुरंत बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए. मुख़्तार अंसारी की तरफ से कृष्णानंद राय, बृजेश सिंह और अन्य पर हत्या के प्रयास, दंगा और आग्नेयास्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई. पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर छानबीन शुरू की. मामला लंबे समय तक कोर्ट में चला. इस दौरान दर्जनों गवाह पेश किए गए, लेकिन समय के साथ कई प्रत्यक्षदर्शी मुकर गए या साक्ष्य कमजोर पड़ते चले गए.

कोर्ट का फैसला

लंबी सुनवाई के बाद एमपी/एमएलए कोर्ट के जज ने बृजेश सिंह के अलावा त्रिभुवन सिंह, सुनील राय, आनंद राय और अजय सिंह उर्फ गुड्डू को सभी आरोपों से बरी कर दिया. इस मामले में आरोपी रहे कृष्णानंद राय की भी कुछ साल बाद हत्या कर दी गई थी.

कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपों को पर्याप्त रूप से साबित नहीं किया. जिसके बाद उस समय यूपी की सियासत का सबसे बड़ा मुद्दा बना अंततः खत्म हो गया. साल 2004 में मुख़्तार अंसारी और कृष्णानंद राय दोनों ही गाजीपुर क्षेत्र के दबदबा रखने वाले नेता थे. दोनों के बीच पुरानी प्रतिद्वंद्विता बताई जाती थी. कैंट फायरिंग की घटना ने उस समय न सिर्फ लखनऊ बल्कि पूरे पूर्वांचल में सियासी हलचल मचा दी थी. अब 22 साल बाद कोर्ट के इस फैसले ने उस पुरानी घटना को कानूनी रूप से समाप्त कर दिया है.

# कानपुर अनवरगंज तक चलेगी कासगंज-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन

(जीएनएस)।

कासगंज। कानपुर सेंट्रल-कानपुर पुल बायां किनारा के मध्य इंजीनियरिंग कार्य के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक दिए जाने के कारण कासगंज-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन अब कासगंज से कानपुर अनवरगंज तक चलाई जाएगी। यह व्यवस्था पहली अप्रैल से 14 मई तक लागू रहेगी। वहीं, आगरा फोर्ट-लखनऊ एक्सप्रेस को मार्ग परिवर्तित कर दूसरे रूट से चलाया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर संजीव शर्मा की ओर से जारी प्रेसनोट के अनुसार कानपुर पुल बायां किनारा के मध्य



स्थित ब्रिज संख्या 110 पर इंजीनियरिंग कार्य किया जाएगा। इसके लिए रेलवे ने ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक का ब्लॉक को लिया। यह कार्य पहली अप्रैल से 14 मई तक किया जाएगा। कार्य के दौरान पहली अप्रैल से 13 मई तक कासगंज-लखनऊ जंक्शन सवारी गाड़ी अब लखनऊ के स्थान पर कानपुर अनवरगंज तक ही चलेगी। यह ट्रेन कानपुर अनवरगंज से लखनऊ जंक्शन के बीच निरस्त रहेगी। लखनऊ जंक्शन-कासगंज पैसेंजर ट्रेन लखनऊ के बजाय कानपुर अनवरगंज से 2 अप्रैल से 14 मई तक चलेगी। यह ट्रेन लखनऊ से कानपुर अनवरगंज के बीच निरस्त रहेगी। आगरा फोर्ट से लखनऊ जाने वाली एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। दो अप्रैल से 13 मई तक आगरा फोर्ट-लखनऊ जंक्शन इंटरसिटी एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग मथुरा जंक्शन-कासगंज-शाहजहांपुर के रास्ते चलाई जाएगी। वहीं लखनऊ जंक्शन-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस दो अप्रैल से 13 मई तक अपने निर्धारित मार्ग से चलेगी।

# गीता शोध संस्थान में गीता-गान प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**कार्यशाला में अक्षर ज्ञान, उच्चारण, संभाषण और ध्वनि के समावेश से सिखाया जा रहा शुद्ध श्लोक गायन -उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद और भक्ति वेदांत इंस्टीट्यूट सिंगापुर कर रहा संयुक्त आयोजन**

(जीएनएस)।

उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में 26 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित होने वाली एक सप्ताह की 'गीता गान" प्रशिक्षण कार्यशाला विधिवत चल रही है। कार्यशाला का उद्देश्य गीता के श्लोकों के शुद्ध उच्चारण, भावपूर्ण प्रस्तुति तथा उन्हें गीत के रूप में गाने की विद्या का प्रशिक्षण प्रदान करना है। प्रशिक्षण के अंतर्गत अक्षर ज्ञान, व्यंजन, उच्चारण, संभाषण तथा ध्वनि विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन सायं 3 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित हो रहा है। कार्यशाला में प्रमुख प्रशिक्षक के रूप में भक्ति वेदांत इंस्टीट्यूट (सिंगापुर) के निदेशक दीना अनुकंपन दास समेत अन्य विद्वान साथ गा सकेंगे। प्रशिक्षण में गायन, संकीर्तन, कीर्तन शैली, भजन प्रस्तुति तथा उपदेश की विद्याओं का भी को गीत के रूप में प्रस्तुत करने की कला विकसित की जाएगी।

कार्यशाला का संचालन गीता




मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस संबंध में गीता शोध संस्थान के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण गीता के श्लोकों को सरल एवं सहज रूप में समझने का एक अभिनव प्रयास है। इसके माध्यम से संस्कृत भाषा का ज्ञान न रखने वाले प्रतिभागी भी गीता के श्लोकों को सही उच्चारण के समावेश किया गया है।उन्होंने बताया कि यह प्रथम प्रशिक्षण वर्ग है, जिसके उपरांत क्रमबद्ध रूप से अन्य साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गीता के मूलभूत तत्व, संधि, ध्वनि, अक्षर ज्ञान तथा गायन शैली का गहन अभ्यास कराया जाएगा। विशेष रूप से स्वर साधना के माध्यम से श्लोकों शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार की देखरेख में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से इस प्रशिक्षण में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की है।

# अनियंत्रित बाईक से महिला गिरी मौत, परिवारजनों में कोहराम

(जीएनएस)।

दुद्धी/सोनभद्र। दुद्धी तहसील के विन्ढमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हरनाकछार में दर्दनाक घटना 27मार्च शुक्रवार की दोपहर युगलकिशोर (उर्फ) बबलू गुप्ता अपनी पत्नी को मोटरसाइकिल से लेकर झारखण्ड राज्य के भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम परती मे अपने बड़े ससुर की निधन पर दाह संस्कार मे सामिल होने ससुराल जा रहे थे कि रास्ते में ही अनियंत्रित बाइक के कारण घटना हों गई। ज्ञात हों कि यह घटना नगर उंटारी थाना क्षेत्र के तुलसीदामर घाटी के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से हुई है। बताया गया है कि युगलकीशोर (उर्फ) बबलू गुप्ता अपनी पत्नी सुनैना देवी उम्र करीब 36 वर्ष निवासनी ग्राम पंचायत हरनाकछार को लेकर खरौंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परती मे अपने बड़े ससुर के निधन होने की सूचना पर दाह संस्कार मे सामिल होने जा रहे थे कि तुलसीदामर घाटी के समीप कुछ





ग्रामीणों ने महुआ बिनने के क्रम में सड़क पर पत्थरों को बिछा रखा था यही कारण से समीप पहुंचते ही अचानक मोटरसाइकिल पत्थर से टकराकर उछाल मार दिया जिससे पीछे बैठी पत्नी सुनैना देवी मोटरसाइकिल से सड़क पर गिर गई, ब्रेन मे अंदरूनी चोट लगने की वजह से सुनैना देवी अचेत हो गई। घटना के बाद युगलकीशोर (उर्फ) बबलू गुप्ता ने इस घटना की सूचना अपने बड़े भाई राजेश गुप्ता को दी जिस पर निजी वाहन से घटना स्थल पर उनके बड़े भाई पहुंचे और घायल सुनैना देवी को अचेत अवस्था में नगर उंटारी सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र अनुमंडल अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जॉच करते ही मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो के जरिए पुलिस को सूचना दी गई। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

# लखनऊ में गर्भवती को डिलीवरी को ले गए, टेबल पर लिटाकर सो गए डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ

(जीएनएस)।

लखनऊ में प्रसूता को डिलीवरी के लिए गया नर्सिंग स्टॉफ टेबल लिटाकर सो गया। परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। प्रसूता के परिजनों ने पैसे वसूलने के भी आरोप लगाए हैं।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। अलीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में प्रसूता को ऑपरेशन थियेटर (OT) में लिटाकर डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ सो गया।

परिजनों ने आरोप लगाया है कि करीब आधे घंटे बाद तकलीफ बढ़ने पर प्रसूता ने शोर मचाया। इसके बावजदू किसी कर्मचारी ने नहीं सुना। जब ज्यादा दर्द बढ़ा तो प्रसूता और तेज से चिल्लाने लगी। ओटी के बाहर बैठे तीमारदार चीख-पुकार सुनकर ओटी में पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। वहां कोई नहीं और दूसरे कमरे में डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ सोता हुआ मिला। इसके बाद परिजनों ने जमकर



हंगामा किया। वहीं, प्रसूता के पति ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की है।

दूसरे कमरे में सोता मिला स्टॉफ

मिली जानकारी के अनुसार, लखनऊ के जानकीपुरम के रहने वाले अमित अपनी पत्नी मीनाक्षी को लेकर 24 मार्च की रात 12 बजे अलीगंज सीएचसी की इमरजेंसी लेकर पहुंचे। पति का आरोप है कि वहां डॉक्टर और स्टॉफ सो रहा था। काफी देर तक इंतजार करने के बाद स्टॉफ ओटी में ले गया। डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ पत्नी को ओटी में रखकर चला गया। जब दर्ज ज्यादा बढ़ा तो प्रसूता चिल्लाने लगी। आवास सुनकर जब परिजन पहुंचे तो वहां कोई नहीं था। वहीं, पति और सास ने दूसरे कमरे में सो रहे कर्मचारियों को जगाया। इसके बाद डॉक्टर और स्टॉफ ने प्रसूता का सुरक्षित प्रसव कराया।

प्रसूता को सीएचसी से मिली छुट्टी

पति ने कहा कि इसकी शिकायत अधिकारियों से की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। प्रसूता को सीएचसी से छुट्टी मिल गई है। वहीं, परिजनों ने अस्पताल कर्मचारियों पर नेग के नाम पर 2200 रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। कहा कि सीएचसी में हर प्रसव पर परिजनों से पैसे वसूले जाते हैं। विरोध करने पर बिगाड़ने की धमकी दी जाती है। वहीं, सीएचसी प्रभारी ने सभी आरोपों को निराधार और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने लिखित शिकायत देने पर कार्रवाई की बात कही है।

# ब्रज के ऐतिहासिक आतिशबाजी मेला को देखने उमड़ी भीड़ : मेला महोत्सव आपस में भाईचारा बढ़ाते हैं : उपमन्यु

**-विधायक ने की क्षेत्र में मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा**

(जीएनएस)।

ब्रज क्षेत्र के कस्बा राया स्थित गणेशबाग में माता मनकामेश्वरी देवी मंदिर पर 70-वां प्रसिद्ध आतिशबाजी मेला का आयोजन किया गया। मेला देखने के लिए दूर-दराज की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं आतिशबाज कलाकारों ने अपनी अदभुत कला का प्रदर्शन किया तथा रात को रसिया दंगल का आयोजन किया गया। इसी के साथ ठाकुर गोपाल जी की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। गणेशबाग में आतिशबाजी मेला का शुभारंभ एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डा. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट और बल्देव विधायक पूरन प्रकाश ने आतिशबाजी



राया में आतिशबाजी मेला का बटन दबाकर शुभारंभ करते हुए एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डा. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट और विधायक पूरन प्रकाश।

का रिमोट बटन दबाकर आतिशबाजी चलाकर किया। इस दौरान बल्देव विधायक ने कहा कि अगर राया क्षेत्र में कोई ग्राम सभा अपनी जमीन दे दें तो वह क्षेत्र के नोनिहालों के लिए एक मिनी स्टेडियम बनवाने की घोषणा की। वहीं ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष कमलकांत उपमन्यु ने कहा कि मेला महोत्सव आपसी भाईचारे को बढ़वा देते हैं। आतिशबाजी मेला में आतिशबाजों द्वारा किया गया आतिशबाजी का प्रदर्शन मेला में आकर्षण का केंद्र रहा। आतिशबाजी के दौरान आसमान सतरंगी हो गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथियों ने माता मनकामेश्वरी देवी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कमेटी द्वारा अतिथियों को चुनरी ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। आतिशबाजी के बाद रसिया दंगल का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, कमेटी अध्यक्ष अभिषेक पाराशर, मेला संचालक मनोज नागर, विधायक प्रतिनिधि तरुण प्रकाश, अरविंद शर्मा, भूपेश अग्रवाल, विशाल पाराशर, अनिल रावत, सोनू सिरोही, मनोज वार्ष्णेय, विकास चौधरी, पीयूष शर्मा, सचिन अग्रवाल और रविकांत वर्मा आदि मौजूद रहे। इसी के साथ कार्यक्रम का संचालन मुकेश अग्रवाल और मोहित गौड़ ने किया।

# लखनऊ में सिरफिरे युवक ने बिजली के तार में लगाई आग

(जीएनएस)।

लखनऊ के गोखले मार्ग पर



बिजली के तारों में आग लगने की घटना शॉर्ट सर्किट नहीं, बल्कि एक युवक विशाल द्वारा जानबूझकर की गई हरकत थी।

तीन दिन पहले गोखले मार्ग स्थित सुलतानगंज चौकी के पास बिजली के तारों में शार्ट सर्किट नहीं हुआ था बल्कि एक युवक ने आग लगाई थी। इसकी पहचान स्थानीय लोगों ने सीसी कैमरे से की।

उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत बिजली विभाग के अभियंताओं से की और अवर अभियंता आलोक कुमार सिंह ने हजरतगंज कोतवाली में एफआइआर दर्ज कराने के लिए मुकदमा तहरीर दी है।

शरारती युवक के कारण 1550 उपभोक्ताओं की बिजली और दो हजार से अधिक मोबाइल कनेक्शन का नेटवर्क एक सिरफिरे युवक के कारण प्रभावित हो गया था।

हजरतगंज पुलिस के मुताबिक तहरीर में उल्लेख किया गया है कि गोखले मार्ग एकलव्य नगर निवासी विशाल ने रात 3:35 बजे के आसपास सुल्तानगंज पुलिस चौकी के पास दो बिजली पोल पर तारों में आग लगाई थी। इससे 1550 उपभोक्ताओं की दो घंटे और इनमें से 110 उपभोक्ताओं की आठ घंटे तक बिजली संकट का सामना करना पड़ा था।

उधर, बिजली विभाग के लोगों ने बताया कि घटना के तीन दिन गुजरने के बाद भी शनिवार शाम तक मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह से सामान्य नहीं हो सका। यही नहीं घरों में इंटरनेट सेवाएं प्रभावित रही। क्योंकि टेलीकाम कंपनियों के कर्मचारी अभी तक नए तार नहीं लगा पाए हैं।

आग के कारण मोबाइल नेटवर्क के तमाम तार और उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए थे। अभियंताओं के मुताबिक आग लगने से बिजली विभाग को करीब दो लाख रुपये कीमत के एबीसी तार जल गए थे। जेई के मुताबिक सिरफिरे का खुलासा आशा अपार्टमेंट के पास बिजली पोल पर लटक रहे तारों में आग लगाने का प्रयास का खुलासा सीसी कैमरे से हुआ है।

# संसद में गूंजा प्राइवेट स्कूलों की बेलगाम फीस का मुद्दा : राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह ने कहा शिक्षा अधिकार बने, व्यापार नहीं

(जीएनएस)।

श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा निवासी सांसद तेजवीर सिंह ने राज्यसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान प्राइवेट स्कूल के संचालकों द्वारा मनमाने तरीके से की जा रही फीस वृद्धि का मुद्दा उठाकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने उच्च सदन में पूरजोर तरीके से कहा कि ट्यूशन फीस के अलावा एडमिशन, एक्टिविटी और ट्रांसपोर्ट के नाम पर निजी स्कूलों के संचालकों द्वारा अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। इससे पूर्व राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह ने प्रधानमंत्री के सुधारों की सराहना की लेकिन स्थानीय लूट होने पर जताई चिंता जताई। सांसद तेजवीर सिंह ने राज्यसभा में अपने संबोधन की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में हुए सुधारों की सराहना से की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा को आधुनिक और सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन कुछ निजी संस्थानों की मुनाफाखोरी की प्रवृत्ति सरकार के प्रयासों में बाधा बन रही है। कहा कि शिक्षा समाज और देश के निर्माण की आधारशिला है, अगर शिक्षा इतनी महंगी हो जाएगी तो समान अवसर का संवैधानिक सिद्धांत कमजोर पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि कई अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए कर्ज लेने को मजबूर हो रहे हैं। सांसद तेजवीर सिंह ने उच्च सदन में तीन मुख्य मांगे रखीं। उन्होंने अभिभावकों के हित में तीन बड़े प्रस्ताव रखे जिनमें फीस नियंत्रण की सख्त नीति, निजी स्कूलों की फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए एक राष्ट्रीय या राज्यस्तरीय प्रभावी नीति बनाने और पारदर्शिता अनिवार्य करने, स्कूल की फीस संरचना पूरी तरह पारदर्शी हो और कोई भी हिडन चार्ज नहीं लिया जाए। इसी के साथ मजबूत शिकायत निवारण तंत्र, अभिभावकों की शिकायतों का तुरंत समाधान करने के लिए एक प्रभावी जिलास्तरीय व्यवस्था या लोकपाल की नियुक्ति करने की मांग रखी। सांसद तेजवीर सिंह द्वारा संसद में इस जमीनी मुद्दे को उठाए जाने के बाद मथुरा-वृंदावन के अभिभावकों और सामाजिक संगठनों में खुशी जाहिर की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सांसद तेजवीर सिंह ने लाखों परिवारों के दिल की बात सदन में रखी है। दूसरी ओर अभिभावक संघ के सदस्यों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि डा. सिंह की यह पहल सराहनीय है। अब उम्मीद है कि सरकार निजी स्कूलों की इस फीस लूट पर लगाम लगाने के लिए जल्द ही कोई ठोस कदम उठाएगी।

# जमीन बटवारे को लेकर वृद्ध की उसके सगे बेटो द्वारा कुल्हाड़ी से मारकर हत्या

कौशाम्बी : आज दिनांक 28.03.2026 को थाना महेवा घाट के ग्राम अजरौली में जमीन बटवारे को लेकर नथन सरोज उम्र 60 वर्ष की उसके सगे बेटों झुरई व लवलेश द्वारा कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गयी है।नथन सरोज की दो शादी हुई थी पहली पत्नी कलूटिया के दोनों लड़के झुरई और लवलेश सरोज है। दूसरी पत्नी सावित्री के एक लड़का राहुल है। झुरई व लवलेश चाहते थे की जमीन




में राहुल को हिस्सा ना मिले, इस बात को लेकर पिता से विवाद था। - पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार

